तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 19 दिसंबर 2024

13 भक्तिन माता जयंती समारोह में शामिल होंगे मुख्यमंत्री साय, तैयारी जोरों पर



14 गुरु घासीदास नें दिया मनखे-मनखे एक समान का संदेश





।। बाबा ॐ श्री शिव ।।
नवकार ज्वेलर्स
सच्चा सौदा ईमानदारी का
राजिम नवापारा, रायपुर
सावधान सावधान
चाइना गोल्ड से सावधान
नवकार ज्वेलर्स राजिम में अब जापानी तकनीक से युक्त सोने की शुद्धता जांचने की मशीन
जापानी तकनीक से यूक्त मशीन
सोने की शूद्धता एवं कैरेट की जांच
नि:शुल्क सोने की शूद्धता जांच
चाइना गोल्ड से बचने का उपाय
नवकार ज्वेलर्स राजिम में मशीन द्वारा अपने सोने की शुद्धता की जांच करवाएं तथा यह सुनिश्चित करें की आपका सोना असली है या चाइना

अधिकृत विक्रेता :
श्री बजरंग इलेक्ट्रिकल्स
कम वोल्टेज में ज्यादा पानी देने वाला ग्रीन वेल सबमर्सिबल पंप
बस स्टैण्ड, नवापारा, मो. 98278-87946, 93400-18107
V4,V5,V6 एवं 50 फीट हेड वाला सबमर्सिबल पंप
ग्रीन वेल सबमर्सिबल पंप





## खबर संक्षेप

### पंचायत चुनावों के लिए आरक्षण प्रक्रिया स्थगित

**गरियाबंद।** आगामी त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन वर्ष 2024-25 के लिए पंच, सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य एवं अध्यक्ष तथा जिला पंचायत सदस्य एवं अध्यक्ष के प्रवर्गवार आरक्षण की कार्यवाही को स्थगित कर दिया गया है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा आदेश जारी किया है। गरियाबंद जिले के विकासखंड गरियाबंद, देवभोग, मैनपुर, छुरा, फिंगेश्वर में जनपद और जिला पंचायत के सदस्यों के लिए आरक्षण की कार्यवाही 17 दिसंबर को तथा सरपंच एवं पंच पदों के लिए आरक्षण की कार्यवाही 19 दिसंबर को किये जाने हेतु आम सूचना जारी की गई थी। शासन के आदेश उपरांत जिला गरियाबंद के सभी विकासखंडों में त्रिस्तरीय पंचायत के उपरोक्त पदों के लिये आरक्षण प्रक्रिया आगामी आदेश तक स्थगित रहेगी।

### बम्हनीझोला में जनसमस्या निवारण शिविर कल

**गरियाबंद।** जिले के मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम बम्हनीझोला (कोयबा) में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन शुक्रवार 20 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे से किया जायेगा। शिविर में ग्राम बम्हनीझोला सहित आसपास के गांवों के लोगों के मांग एवं समस्याओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जायेगा। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को शिविर में स्टॉल लगाकर विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देने एवं आम लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये हैं।

### पूर्व विधायक ने मंदिर में मत्था टेक कर लिया बाबा का आशीर्वाद

# गुरु घासीदास जयंती पर नवापारा में निकली शानदार शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा शहर में नगर सतनामी समाज के तत्वावधान में सतनाम धर्म के पथ प्रदर्शक संत गुरु घासीदास की 268वीं जयंती बुधवार को हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जयंती दिवस पर सतनामी पारा वार्ड क्र - 9 स्थित संत बाबा गुरुघासीदास मंदिर में आकर्षक सजावट की गई थी। सुबह बाबा का गद्दी पूजन व आसन पश्चात घी का ज्योत जलाया गया। दोपहर 12 बजे समाज के युवाओं द्वारा एतेहासिक बाइक रैली निकाली गई जो नवापारा सहित आसपास के गांवों से होकर गुजरी। दोपहर 2 बजे श्वेत ध्वजा पालो चढ़ाया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू अपने समर्थकों के साथ सतनाम मंदिर पहुंचे और पूजा अर्चना कर मत्था टेक कर प्रदेशवासियों और नवापारा शहर के सुख समृद्धि की मंगल कामना किया। इस दौरान पूर्व विधायक श्री साहू के साथ कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष धनराज मध्यानी, पालिका उपाध्यक्ष चतुर सिंह जगत, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा, जीत सिंग, सभापति संध्या राव,जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव रामा यादव, जुगाबाई गिलहरे,अजय कोचर, अजय साहू, मंगराज सोनकर, हेमंत साहनी, अनूप खरे, लोकिन-अर्जुन साहू, पार्षद रुमेश्वरी-फागूदेवांगन, स्वर्णजीत कौर, शाहिद रजा, मेघनाथ साहू, सुश्री दीपाली राजपूत, सौरभ सोनी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

इस अवसर पर डीजे, धुमाल व पारम्परिक पंथी के थाप पर भव्य विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें आगे-आगे समाज के मुख्य सेवक ▶▶| शेष पेज 12 पर





## गुरु घासीदास जयंती पर भव्य आयोजन



**कोपरा।** नगर पंचायत में गुरुघासीदास जयंती उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। जैत खंभ में पूजा-अर्चना कर धार्मिक कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। इस अवसर पर सतनामी समाज के प्रमुख सदस्यों, जिनमें मंगतू राम, शंकर पुरैना, मंशा राम, चंद्रिका प्रसाद और नरेश नवरंगे की उपस्थिति में कलश यात्रा निकली गई। कलश यात्रा में महिलाओं ने बड़ी संख्या में भागीदारी निभाई। नगर के विभिन्न हिस्सों में भ्रमण करती कलश यात्रा ने श्रद्धालुओं को गुरुघासीदास के उपदेशों और उनके समरसता के संदेश को आत्मसात करने की प्रेरणा दी। सतनामी समाज के इस आयोजन



में नगरवासियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे सामाजिक एकता और धार्मिक भावना का अद्भुत संगम देखने को मिला।

### गुरु घासीदास के संदेश को जन-जन में करे प्रचारित

गुरुघासी दास जयंती अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू ने गुरुघासी दास जी की गुरु गद्दी की पूजा अर्चना कर सामाजिक जनों को जयंती पर्व की बधाई दी और कहा कि संत गुरुघासी दास जी के जीवन चरित्र को आज हम सभी को अपनाने की आवश्यकता है। कहा कि बाबा जी ने दुनिया को संदेश दिया मनखे-मनखे एक समान। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष धनराज मध्यानी ,जीत सिंह ,नपा उपाध्यक्ष चतुर जगत ,सभापति संध्या राव,सचिव जिला कांग्रेस कमेटी रामा यादव ,पार्षद जुगा बाई ,अजय कोचर ,अनूप खरे ,अजय साहू ,राजा चावला ,रमेश तिवारी ,निर्माण यादव ,फागू देवांगन ,अर्जुन साहू,रामरतन निषाद ,गोल्डी पारख,सौरभ सोनी ,टिकेश्वर गिलहरे ,जितेन्द्र कोसरे सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

### बोईरगांव से जिला मुख्यालय गरियाबंद तक आज पदयात्रा की दी चेतावनी

## शिक्षकों की मांग को लेकर विद्यार्थियों ने बीईओ आफिस के सामने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

विकासखण्ड क्षेत्र में लचर शिक्षा व्यवस्था के कारण जहां एक ओर छात्र–छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। वही दूसरी ओर आए दिनों दूर दूर ग्रामों से ग्रामीण, पालक, छात्र – छात्राएं विकासखंड मुख्यालय पहुंचकर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर हो रहे हैं। ब्लाक मुख्यालय से 8-10 किमी दूर ठेमली,बोईरगांव,झरियाबाहरा के ग्रामीणों ने मंगलवार को मैनपुर पहुंचकर शिक्षक व्यवस्था की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया। स्थानीय अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं करने से आज दूसरे दिन बुधवार को सुबह 11 बजे से सैकड़ों की संख्या में छात्र–छात्राएं एवं ग्रामीण,पालक मैनपुर पहुंचकर विकासखण्ड शिक्षा कार्यालय के सामने बकायदा पंडाल लगाकर जमकर नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन किया। इसकी जानकारी शिक्षा विभाग के अधिकारियों को देने के बावजूद कोई भी बच्चों की समस्याओं के समाधान के लिए मैनपुर नहीं पहुंचा। जिससे उनमें भारी आक्रोश है। छात्र–छात्राओं और ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा है देर शाम तक उनकी मांगों को पूरा नही किया गया तो 19 दिसम्बर को सुबह 10 बजे से बोईरगांव से लेकर गरियाबंद जिला मुख्यालय 55 किमी पदयात्रा रैली निकाल कर कलेक्टर को ज्ञापन सौपेगें।

■ मांगों को लेकर कलेक्टर को देंगे ज्ञापन

पूर्व जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुव ने बताया कि ग्राम पंचायत बोईरगांव के विभिन्न स्कूलों के शिक्षक शिक्षिकाओं को दूसरे स्कूल मे संलग्न कर देने से सैकड़ों छात्र छात्राओं की विषयवार अध्यापन कार्य पिछले 4–5 वर्षों से प्रभावित है। इस संबंध मे कई बार अधिकारियों को अवगत कराया गया लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। पालकों ने बताया कि उक्त संबंध में कई बार विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी से निवेदन कर चुके लेकिन हमारे शिक्षक–शिक्षिकाओं को वापिस नहीं किया गया है। हमारे बच्चों के अंधकारमय भविष्य को देखते हमे मजबूरन अनिश्चितकालीन ▶▶| शेष पेज 12 पर

बोर खनन
राजीव लोचन बोरवेल व कुणाल एग्रो राजिम
बड़ा गाड़ी खनन करें- ₹95 प्रति फुट, केसिंग - ₹350 प्रति फुट, 7 इंच वेल्डिंग - ₹250, सॉकेट- ₹300, फिल्टर - ₹1000
छोटे गाड़ी खनन करें- ₹100 प्रति फुट, केसिंग प्लास्टिक- ₹200 प्रति फुट, फिल्टर- ₹1000
100 वोल्टेज में चलने वाला पंप, साबर, एक्वा फ्लो, फ्लो मार्का उपलब्ध है।
बोर नकदी में, पंप 3 महीने के लिए उधारी में।
बोर खनन के लिए संपर्क करें-
मुकेश साहू पता- गरियाबंद रोड, सांई मंदिर के सामने
मो. 7828297607,9009541542



# 15 किलो गांजा बरामद, दो अंतरज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**मैनपुर।** एएनटीएफ टीम एवं पुलिस मैनपुर ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए 15 किलो अवैध गांजा के साथ दो अन्तर्राज्यी तस्कर को धर दबोचा। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में जिला स्तर पर एएनटीएफ टीम गठित कर अवैध गांजा एवं नारकोटिक ड्रग्स की बिक्री व परिवहन पर रोक लगाने के संबंध में निर्देश दिए थे, जिसके परिपालन में एएनटीएफ टीम समस्त थाना क्षेत्र में अपने टीम को सक्रीय किए थे, जो 18 दिसम्बर को अवैध गांजा की बिक्री के संबंध में सूचना प्राप्त होने पर कार्रवाई कर 15 किलो गांजा को आरोपी के कब्जे से जब्त कर वैधानिक कार्रवाई की गई। थाना



से मिली जानकारी के अनुसार 18 दिसंबर को मुखबीर से सूचना मिला कि 2 व्यक्ति रायलढाबा मैनपुर नेशनल हाईवे 130सी के पास अपने–अपने ▶▶| शेष पेज 12 पर

# लंबित मांगों पर नपं कोपरा की महिलाओं ने किया आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

नगर पंचायत कोपरा की महिलाओं ने वर्षों से लंबित अपनी समस्याओं को लेकर मंगलवार को जिला कार्यालय में प्रदर्शन किया। महिलाओं ने जिलाधीश दीपक कुमार अग्रवाल से मुलाकात कर आवासीय पट्टों और प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से वंचित रहने की

■ नगर में आवासीय पट्टे और आवास योजना की मांग, सर्वे करने कलेक्टर ने दिए आदेश



शिकायत की। महिलाओं ने बताया कि वे पैरी नगर क्षेत्र में 40-50 वर्षों से रह रही हैं, लेकिन अब तक उनके पास आवासीय पट्टे नहीं हैं। इसकी वजह से उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ भी नहीं मिल सका है। महिलाओं ने कहा कि प्रशासन ने अब तक उनकी समस्या पर ध्यान नहीं दिया, जिससे वे मजबूर होकर अपनी मांगों को लेकर एकजुट हुई हैं।

**कलेक्टर का त्वरित निर्णय :** महिलाओं की बात सुनने के बाद जिलाधीश दीपक कुमार अग्रवाल ने तत्काल नगर पंचायत कोपरा में सर्वे करने का निर्देश ▶▶| शेष पेज 12 पर

### एकजुटता बनी प्रेरणा

कोपरा की सैकड़ों महिलाओं का संगठित होकर अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाना प्रेरणा बन गया है। महिलाओं ने कहा कि वे अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए हर संभव प्रयास करेंगी।

### उम्मीदें जगी

कलेक्टर के आदेश के बाद नगरवासियों में उम्मीद जगी है कि जल्द ही सर्वे का काम पूरा होगा और उन्हें उनके अधिकार मिलेंगे। यह लड़ाई अन्य पंचायतों के लिए भी उदाहरण बन सकती है।

पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468



प्रेम रतन पैलेस & रिसॉर्ट
राजिम-जिला गरियाबंद (छ.ग.)
सगाई, शादी ब्याह - बर्थ-डे पार्टी किटी पार्टी, ऑफिशियल मीटिंग, साल गिराह, फैशन शो की पूरी सुविधा
• हरा-भरा गार्डन
• शुद्ध हवा • AC रूम
• 24 घंटे उपलब्ध सुविधाएं
ठहरने की सर्वसुविधा युक्त शानदार व्यवस्था
9926133072
नया रायपुर से बहुत करीब, गरियाबंद मार्ग सांई मंदिर से चंद कदम दूर, राजिम
मो.नं. 7693040000, 8819959966, 8871500900

**खबर संक्षेप**

## अनाथ एवं असहाय बच्चों के लिए स्पॉन्सरशिप योजना वरदान

**गरियाबंद।** सरकार अनाथ या आर्थिक रूप से कमजोर एकल अभिभावक वाले बच्चे को भी अब सामान्य बच्चों जैसा भविष्य संवारने का उचित अवसर दे रही है। इसके लिए स्पांसरशिप योजना शुरू की गई। इसमें बच्चों के पालन - पोषण और उनके बेहतर शिक्षा के लिए प्रतिमाह 4 हजार रूपये दिये जा रहे है। यह योजना जोखिमपूर्ण परिस्थितियों में जीवनयापन करने वाले परिवारों के बच्चों की उचित देखभाल एवं अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए अनूठी पहल है। इस योजना के तहत 03 से 18 वर्ष तक के बच्चों को चार हजार रूपये प्रतिमाह आर्थिक सहायता दी जाती है। इसके तहत जिले के पांचों परियोजना अंतर्गत अनाथ, संकटग्रस्त, विशेष देखदेख वाले बच्चों के पालन-पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा, देखभाल के लिए वर्तमान समय में जिले में 251 बच्चे लाभान्वित हो रहे है। इनमें 115 बालक एवं 136 बालिका शामिल है। परियोजना गरियाबंद अंतर्गत कुल 69 इनमें 34 बालक एवं 35 बालिका, छुरा परियोजना अंतर्गत कुल 26 इनमें 13 बालक एवं 13 बालिका, फिंगेश्वर में 83 इनमें 24 बालक एवं 59 बालिका, मैनपुर में 27 इनमें 17 बालक एवं 10 बालिका तथा देवभोग परियोजना अंतर्गत कुल 46 बच्चे है, इनमें 27 बालक एवं 19 बालिका शामिल है। इस योजना से अधिक से अधिक बच्चों से लाभान्वित करने के लिए जिला बाल संरक्षण अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी - कर्मचारी द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार, समस्त ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल के नेतृत्व में जिले के अनाथ एवं असहाय बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ दिलाया जा रहा है। जिससे बच्चों को गरीबी स्थिति में गुजर-बसर करने से मुक्ति मिल रही है।

**जयंती :** जय सतनाम के नारे से गूंजा नगर, गुरु घासीदास जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई

# गुरु घासीदास ने दिखाया सत्य व अहिंसा का मार्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर में समस्त सतनाम समाज द्वारा18 दिसम्बर को सतनाम धर्म के प्रवर्तक संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की जयंती कुर्रे निवास में धूमधाम के साथ मनाई गई। नगर व क्षेत्र के समाजजनों बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

यहां विशेष पूजा अर्चना के पश्चात पालो चढ़ाव के साथ मंगल आरती किया गया। इस दौरान गेवरचंद कुर्रे ने कहा कि गुरु घासीदास ने सत्य व अहिंसा का मार्ग दिखाया ताकि लोगों का जीवन हमेशा खुशहाल रहे। उन्होंने आगे कहा कि गुरुपर्व में सतनाम के रास्ते में चलने से सभी मानव समाज का कल्याण हो सकता है। सत्य ही मानव का आभूषण है। बाबा गुरु घासीदास ने मनखे मनखे एक समान का आदर्श देश दुनिया को प्रदान कर जातपात और ऊंचनीच की सामाजिक कुरुतियों से मनुष्यों को दूर रहने का संदेश दिया था। उन्होंने आगे कहा कि सत्य ही एक मार्ग जिससे समाज उन्नति और तरक्की कर सकता है। उन्होंने गुरु घासीदास के संदेशों को सभी लोगों को अपने जीवन में आत्मसात करने की अपील की। इस दौरान जय सतनाम के नारों से नगर गूंज उठा।



### बाबा ने सत्य के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया: रामकृष्ण

समारोह में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने जैतखाम की पूजा अर्चना कर कहा कि गुरु घासीदास ने सत्य और अहिंसा का संदेश दिया था। गुरु घासीदास ने मनखे -मनखे एक समान का संदेश देकर समाज में व्याप्त कुरीतियो एवं भेदभाव को मिटाने का और सदैव सत्य के मार्ग पर चलने के लिए सर्व समाज को प्रेरित किया था। आज बाबा के द्वारा बताये गये सत्य के मार्ग को अपना कर विकास के पथ पर बढ़ना होगा। ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री गेन्दू यादव ने कहा बाबा के बताए मार्ग पर चलने की बातें कहीं।

### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर गेवरचंद कुर्रे, उमराव साहू, श्रीमती पदमनी शाडिल्य, मेनका कांशी, लोकेश्वर कांशी, जगदीश पटेल, हीरालाल पटेल, शेषनारायण शाडिल्य, कान्ति पटेल, देवकी तिरधारी, पीकी श्रीवास्तव, निश्चल शांडिल्य, मनीष श्रीवास्तव, युवराज पटेल, दुष्यंत पटेल, सत्येन्द्र कुर्रे ,शेख हसन खान, मनोहर राजपूत, रामकृष्ण ध्रुव, गेन्दू यादव,नंदकिशोर पटेल, डोमार पटेल, त्रिभुवन पटेल, थानुराम पटेल, सत्येंद्र कुर्रे, विजय रात्रे,वेद प्रकाश चतुर्वेदी, रेवती मनहरे, सत्यदेव गिलहरे, दीपक सिंन्हा, प्रकाश चंद बंजारे, नरेंद्र भारती दिनेश शांडिल्या,सहित बड़ी संख्या में मैनपुर नगर के लोग उपस्थित थे।

## चरौदा में घासीदास जयंती मनाई गई



**छुईहा बेलर।** सत्य का प्रतीक माने जाने वाले एवं जय स्तंभ की रचना करने वाले बाबा गुरु घासीदास की जयंती सादगीपूर्ण महौल में मनाई गई।

इस बार पंथी नृत्य, अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम 18 दिसम्बर के कार्यक्रम में देखने को नहीं मिला। श्रद्धाभाव के साथ जयतखाम पुजा, पालो चढ़ाने की रस्में में विधि-विधान पूर्वक की गई। ग्राम चरौदा में चार जगह गुरू घासीदास बाबा की जयंती मनाई गई। जिसमें समाज के सभी वर्ग शामिल हुए। इस अवसर पर सुन्दर लाल बंजारे, रेखराम बंजारे, राकेश बंजारे, पवन बंजारे, कुसुमलता बंजारे, रवीना, प्रियंका, थनेश्वर बंजारे, रेवा रात्रे, घनश्याम बंजारे, राजेश्वर, गरीबा, जुगेश, रामभरोस इत्यादि उपस्थित थे।

## धूमधाम से मनाई गई घासीदास की जयंती, निर्मला घाट पचरी निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन





**रसेला।** ग्राम के पारा बेलडीही में संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की 268 वीं जयंती समारोह बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य केशरी नोहर ध्रुव, अध्यक्षता सरपंच बिगेन्द्र ठाकुर, विशेष अतिथि उपसरपंच परमेश्वर यादव, पंच तुलसी बाई कुर्रे, ग्राम पटेल लोकराम यादव, सै.चिराग अली, कमलेश्वर नायक, भावसिह मरकाम, दयाराम नागेश जिला वनोपज प्रतिनिधि, इकबाल मेमन, देवलाल बारिक, तिलक टंडन पूर्व सतनामी समाज तहसील अध्यक्ष सहित मंच पर उपस्थित थे।

सभी अतिथियों द्वारा संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की विधिवत पूजा अर्चना कर पालो चढ़ाया गया। तत्पश्चात जिला पंचायत सदस्य केशरी ध्रुव अपने मद से पारावासियों के लिए 1.50 लाख रुपए की निर्मला घाट पचरी निर्माण का पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किये। इसके बाद सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केशरी ध्रुव ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास सभी समाज के लिए प्रेरणा के स्त्रोत है। उनके बताए मार्ग का अनुशरण कर व्यक्ति अपने जीवन का उद्धार कर सकता है। मनखे मनखे एक समान, मद्यपान से दूरी, सदैव सत्य वचन सहित अन्य सुंदर विचार लोगों को प्रेरित करती है।

सरपंच बिगेन्द्र ठाकुर अपने उद्बोधन में कहा कि बाबा ने सत्य का मार्ग अपनाया, उन्हें जन जन तक पहुंचाया। उस समय समाज में व्याप्त बाह्य आडम्बर, छुआछूत आदि कुरीतियों को समाज से मिटाने के लिए उन्होंने बहुत ही महान कार्य किया था।

**समाज को सात्विक जीवन जीने की दी प्रेरणा :** इसी कड़ी में पारा के प्रमुख कमलेश्वर नायक ने कहा कि गुरु घासीदास को सतनाम का बोध छाता पहाड़ में तपस्या करने से हुआ। सतनाम की महिमा दिखाएं है। गुरु घासीदास के सतनाम वाणी, विचार, संदेश, जीवन चरित्र, सत्कार्यों व सतनाम धर्म की यश कीर्ति को संसार में अजर अमर बनाने के लिए घासीदास के चौथे वंशज गुरु गोसाईं अगमदास ने सन् 1935 में गिरौदपुरी धाम में मेला का शुभारंभ किया गया। सै.चिराग अली उद्बोधन करते हुए कहा कि घासीदास ने समाज को सात्विक जीवन जीने की प्रेरणा दी। उनकी सत्य के प्रति अटूट आस्था थी, जहां समाज में एकता बढ़ाने का कार्य किया, वहीं भाईचारे और समरसता का संदेश भी दिया। उन्होंने ने सिर्फ सत्य की आराधना की, बल्कि समाज में नई जागृति पैदा करने का श्रेय भी उन्हें ही जाता है।

**ये रहे मौजूद :** इस मौके पर देवकुमार मार्कण्डेय, राधेश्याम, जगत राम, शंकर लाल, भानुप्रताप, ईश्वर, नेमीचंद, कन्हैया, मेहत्तर, तुलाराम, हेमनारायण, सुरज, लोधी राम, रामलाल, हूमन, भगोली सहित बड़ी संख्या में समाज के महिलाएं व पुरुष मौजूद थे।

# राज्य सरकार की किसान, महिलाओं, गरीब पिछड़े वर्गों के लिए हैं कई योजनाएं संचालित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रसेला

- सुशासन दिवस पर क्षेत्र के किसानों का सम्मान किया गया
- आदिम जाति सेवा सहकारी समिति रसेला में आयोजन

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति रसेला पंजीयन क्रमांक 1769 में 18 दिसंबर को धान उपार्जन केन्द्र राज्य शासन के एक साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनादेश परब के अवसर पर क्षेत्र के किसान व जनप्रतिनिधियों का किसान सम्मान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य केशरी नोहर ध्रुव, अध्यक्षता भुवेन्द्र मरकाम प्राधिकृत अधिकारी, विशेष अतिथि ग्राम पटेल लोकराम यादव, भाजपा छुरा मंडल महामंत्री शिवशंकर जयसवाल, सरपंच बिगेन्द्र ठाकुर, सै. चिराग अली, दयाराम नागेश जिला वनोपज प्रतिनिधि, उपसरपंच परमेश्वर यादव, कमलेश्वर नायक, नारायण सिंह ठाकुर, इकबाल मेमन, झवर अग्रवाल, उपसरपंच मूलचंद सोरी सहित आमंत्रित अतिथिगण मंच पर मौजूद थे।

सभी अतिथियों ने भारतमाता के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा अर्चना की। उपस्थित सभी अतिथियों का समिति के कर्मचारियों द्वारा पीला चावल से स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि केशरी ध्रुव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त करते हुए किसानों के कल्याण हेतु किए गए कार्यों के बारे में बताया। महतारी वंदन योजना, कृषि उन्नति योजना, पोट्ट लईका पहल, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं सरकार द्वारा चलाई जा रही है। दयाराम नागेश ने कहा कि हम सभी किसानों को सिर्फ धान पर आधारित न होकर हमें सभी दलहन तिलहन व वनोपज का उपार्जन किया जाना चाहिए। अध्यक्षता कर रहे भूपेन्द्र मरकाम ने कहा कि राज्य शासन ने किसान, महिलाओं, गरीब एवं पिछड़े वर्गों के लिए योजनाएं संचालित कर उन्हें लाभान्वित किया है। उन्हें उनका मान सम्मान बढ़ाया है। महामंत्री शिवशंकर जयसवाल ने अपने उद्बोधन में कहा किसानों को धान खरीदी केंद्र में ही माइक्रो एटीएम के माध्यम से राशि निकालने की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। सरपंच बिगेन्द्र ठाकुर ने कहा कि गरीबों के लिए सम्मान बढ़ाते हुए पक्का आवास बनने से गरीबों के सपने साकार हो रहें हैं। जल जीवन मिशन के तहत घर घर नल कनेक्शन से महिलाओं को सुविधा मिली है। चिराग अली ने कहा कि धान उठाव नहीं होने से समिति ही नहीं हम सभी किसानों के लिए समस्या है। इसके लिए हम सभी किसानों को इसके निदान के बारे शासन प्रशासन को अवगत कराना होगा। इस आयोजन में उपस्थित सभी क्षेत्र के किसानों को श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर किसान बिसाहू राम, कचरू निषाद, भावसिह मरकाम, ललित नेताम, दयाराम निषाद, बलदेव दीवाना, गंगा राम नेताम, अमरसाय, समरूराम सोरी, टकेश्वर सोरी, समिति के कर्मचारी पंकज कुमार यादव प्रभारी प्रबंधक, गमसिग दीवान, राजू नेताम, टेस निषाद, मिथलेश यादव सहित क्षेत्र के किसान उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन नारायण सिंह ठाकुर ने की।

## प्लास्टिक गोदाम में हुई चोरी मामले दो आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद।** शहर में हाइटेक चोर पकड़ में सामने आया है। ये चोर बाहरी नहीं बल्कि लोकल हैं। पुलिस ने चोरी की समान समेत दो चोर को पिकअप के साथ पकड़ा है। अभी हाल ही में शहर के गांधी चौक स्थित पारख प्लास्टिक गोदाम में चोरी हुई। जिसमें बकायदा लोहे का दरवाजा का ताला तोड़कर भीतर रखे 28 नग कार्टून प्लास्टिक गिलास भरा था, जिसकी कीमत 51 हजार रुपए बताई गई। इन कार्टूनों का चोरी करने बकायदा पिकअप में पहुंचे थे। पुलिस ने पारख प्लास्टिक गोदाम में हुए चोरी के बाद अलर्ट हो गई और पुलिस ने पहले तो कैमरे को खंगाला, फिर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि नवीन जगत एवं मिथुन सोना घटना के दिन इस क्षेत्र में देखा गया। इसके बाद पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की और इन दोनों चोर ने सबकुछ उगल दिया। दोनो चोर नगर के ही निवासी हैं। पुलिस ने पारख प्लास्टिक के गोदाम में चोरी में उपयोग किए पीकअप वाहन गोदाम से चोरी हुए 28 नग कार्टून जिसमें डिस्पोजल भरा हुआ था।

# जनदर्शन में बुधियारिन बाई को मिला अन्त्योदय राशनकार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

- कलेक्टर जनदर्शन में अलग-अलग समस्याओं के मिले 69 आवेदन

कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के समक्ष छुरा विकासखण्ड के ग्राम पोंड की रहने वाली बुधियारिन बाई बेल्दार ने कलेक्टर जनदर्शन में उपस्थित होकर अपने अकेली, गरीब एवं राशनकार्ड में खाद्यान्न केवल 10 किलो मिलने और इससे गुजारा नहीं होने की बात कहने पर कलेक्टर ने त्वरित संज्ञान लेते हुए खाद्य विभाग के जिला खाद्य अधिकारी सुधीर गुरू को हितग्राही के लिए 35 किलो वाला राशनकार्ड जारी करने का निर्देश दिये। इस पर उन्होंने तत्काल अन्त्योदय राशन कार्ड जारी किया। अब हितग्राही को प्रतिमाह 35 किलोग्राम चावल, 2 किलोग्राम नमक, 1 किलोग्राम शक्कर और 2 किलोग्राम चना मिलने की पात्रता होगी। बुधयारिन बाई ने कलेक्टर अग्रवाल के हाथों उन्हें तत्काल पात्रता अनुसार राशन कार्ड मिलने से शासन,



प्रशासन एवं खाद्य विभाग का आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि जिला कार्यालय में लोक संवाद नाम से विशेष प्रकोष्ठ कक्ष की स्थापना की गई है। जिसमें ऑनलाईन - ऑफलाईन जनसामान्य से प्राप्त शिकायतों, आवेदनों का त्वरित निराकरण एवं निगरानी की जा रही है। इसके तहत लाभार्थियों से सीधे फोन कॉल कर शासन की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं प्राप्त, सुविधाओं से फीडबैक प्राप्त कर प्रक्रिया को और सुगम सरल बनाया जा सके। सुशासन साप्ताह में शासन की विभिन्न विभागों में प्राप्त शिकायतों, आवेदनों के निराकरण के विशेष प्रयास किये जा रहे हैं, ताकि हितग्राही को योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक मिल सके।

इसी प्रकार कलेक्टर श्री अग्रवाल ने आज जनदर्शन में 69 लोगों की समस्याओं को ध्यान से सुना और संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में ग्राम आमदी 'म' के धनीराम पटेल ने बाढ़ नियंत्रण कर तटबंध निर्माण हेतु, ग्राम पांडुका की किरण टोडर ने असंगठित कर्मकार महतारी जतन योजना के तहत लाभ दिलाने, ग्राम घटौद के समस्त ग्रामवासियों ने सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र को निरस्त करने, ग्राम घटकर्रा के डोमेश्वर सेन ने मनरेगा मेट की मजदूरी राशि दिलाने एवं देवकराम ने नये राशनकार्ड बनाने, ग्राम दशपुर के बोधीराम ने राजस्व भूमि पट्टा प्रदान करने, ग्राम कुरूद की बोधनी बाई साहू ने किसान सम्मान निधि दिलाने, ग्राम माहुलकोट की भानोबाई ने वन अधिकार पट्टा दिलाने, ग्राम बम्हनदेही के कन्हैया कमार ने पट्टा, नक्शा, खसरा प्रदान करने, ग्राम लफंदी के रोशन साहू ने नल जल योजना के तहत किये कार्य की राशि दिलाने आवेदन प्रस्तुत किया।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का किया गया सम्मान



**नवापारा-भेण्डरी।** भेण्डरी के पंचायत भवन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान श्रीफल व साड़ी भेंट कर किया गया। इस अवसर पर सरपंच प्रीतराम देवांगन, उपसरपंच सेवक बांधे ,छबिराम , विनायक मौजूद थे।




**पेज 11 के शेष**

### गुरु घासीदास जयंती...

सफेद ध्वजा पकड़े चल रहे थे और पीछे बाबा की गद्दी आसन रथ पर सवार था। इस शोभायात्रा में संत बाबा गुरुघासीदास द्वारा गरियार बैल को नांगर में चलाने और बलिदानी राजा बालकदास की आकर्षक झांकी चल रही थी। शोभायात्रा वार्ड क्र -9 सतनामी पारा से प्रारम्भ होकर सदर रोड ,गंज मार्ग होते हुए वापस कार्यक्रम स्थल पर आकर समापन हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में नगर सतनामी समाज की ओर से समाज के अध्यक्ष दिनेश टंडन, युवा अध्यक्ष लल्ला सोनवानी, विजय गिलहरे (गुरूजी), शिवनाथ बंजारे, तिजुराम बीफरे, राजेश गिलहरे, दिनेश टंडन, जीतेन्द्र कोसरे, चम्पू नवरंगे, टिकेश्वर गिलहरे, सागर कुर्रे,लखन बिफरे, कान्हा, ढाकेश्वर बीफरे, उपाध्यक्ष संतोष गिलहरे, युवा उपाध्यक्ष सागर गिलहरे, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र जांगड़े, सचिव कान्हा गिलहरे, सहसचिव मुकेश बांधे, सह संचालक राजेश गिलहरे, संरक्षक विश्वनाथ नवरंगे सहित सभी सजातीय बंधुओ का सराहनीय योगदान रहा।

### शिक्षकों की मांग को...

धरना प्रदर्शन में बैठना पड़ रहा है। गुस्साए पालकों एवं ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए बताया कि सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को वापस नहीं किया जाता है तो 19 दिसंबर को समस्त पालकगण अपने अपने बच्चों के साथ शाला बहिष्कार करते हुए सुबह 10 बजे बोईरगांव से जिला मुख्यालय गरियाबंद तक पदयात्रा करेंगे। पांच साल से पांच शिक्षक दूसरी शालाओं में हैं संलग्न ग्रामीण और पालकों ने बताया कि ग्राम पंचायत बोईरगांव के अन्तर्गत विभिन्न शालाओं के शिक्षक- शिक्षिकाओं को अन्यत्र शालाओं में संलग्न किया गया है। पूर्व माध्यमिक शाला झारियाबाहरा के विज्ञान की शिक्षिका श्रीमती निर्मला लालवानी, पूर्व माध्यमिक शाला के गणित के शिक्षक मिभी प्रकाश कौर 5 वर्षों से अन्यत्र शाला में संलग्न है। भृत्य भुनेश्वर ध्रुव को भी अन्यत्र शाला में संलग्न किया गया है। इसी प्रकार प्रा. शाला बोईरगांव के प्रधान पाठक जावेद मेमन 5 वर्ष से अन्यत्र शाला में संलग्न है। कमार बालक आश्रम बेहराडीह के शिक्षिका श्रीमति भावना सिन्हा, पूर्व मा. शाला ठेमली के शिक्षक संजय साहू अन्यत्र शाला में संलग्न है। ग्राम पंचायत बोईरगांव अन्तर्गत सभी शालाओं के गणित विज्ञान के शिक्षक शिक्षिकाओं को अन्यत्र संलग्न करने के कारण हमारे आदिवासी क्षेत्र के स्कूलो में पढ़ाई प्रभावित हो रहा है। तत्काल इन पांच शिक्षकों को मूल शाला में वापस करने की मांग को लेकर ग्रामीण व छात्र- छात्राएं धरना प्रदर्शन करने मजबूर हो रहे है।

भूखे- प्यासे बच्चों को थाना प्रभारी ने कराया नाश्ता

भूखे प्यासे सैकड़ों छात्र-छात्राओं के लिए थाना प्रभारी मैनपुर द्वारा स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई। बोईरगांव, ठेमली,पथर्री झरियाबाहरा से धरना प्रदर्शन करने मैनपुर पहुंचे। सैकड़ों की संख्या में छोटे-छोटे छात्र-छात्राएं दोपहर दो बजे भूखे- प्यासे नारेबजी कर रहे थे। मैनपुर थाना प्रभारी शिव शंकर हुर्रा ने ग्रामीणों और छात्र छात्राओं को बहुत समझाया। छात्र-छात्राओं द्वारा भूख लगने की बात पर तत्काल मैनपुर थाना प्रभारी शिव शंकर हुर्रा ने नाश्ते की व्यवस्था अपने तरफ से की। सैकड़ों बच्चों को स्वल्पाहार कराया, वहीं दूसरी ओर शिक्षा विभाग के सामने बच्चे नारेबाजी कर रहे थे। शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों को पानी तक नहीं पूछा गया।

**ये रहे उपस्थित :** धरना प्रदर्शन में पूर्व जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुव, देवीसिंह कमलेश, विजय सिंह ठाकुर, पूर्व सरपंच रामसिंह मांझी,सरपंच सहदेव सांडे गोविन्द, लुदरसिंह, बहारूराम, देवकुमार ध्रुव, दुबेराम, बहुरसिंह, भुनेश्वर, मन्नूलाल, पुनाराम, केशव प्रसाद ध्रुव, अमरूराम, खिंजन लाल, सुन्दर सिंह, रामेश्वर ध्रुव, जयराम, सखाराम, सहदेव, विजय, संतोष, खामसिंह, श्रवण कुमार, हेमसिंह, शंकरलाल, साधुराम, टीकमसिंह, नरेश कुमार, नीलम ध्रुव, कोमल सहित सैकड़ों की संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### 15 किलो गांजा के...

बैग में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखे हैं और ग्राहक का इंतजार करते खड़े हैं। उक्त सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए एएनटीएफ के टीम एवं मैनपुर पुलिस टीम द्वारा रायलढाबा मैनपुर मेन रोड के पास घेराबंदी कर 2 व्यक्तियों को पकड़ा कर बैग को चेक किया, जहां अवैध गांजा मिला। दोनों संदेहियों का नाम पता पुछने पर एक ने जितेन्द्र मेहर पिता अरून मेहर 22 साल साकिन ग्राम हाण्डा खालपाड़ा थाना जुनागढ़ जिला कालाहाण्डी ओडिशा और दूसरा महेश कुमार दास पिता शशीभूषण दास 30 साल साकिन ग्राम भितिरीबहली (इंजलीबहली) थाना जुनागढ़ जिला कालाहाण्डी ओडिशा का रहने वाले बताये। दोनों के कब्जे से खाखी रंग के टेप से लिपटा 15 किलो गांजा किमती लगभग 1,50,000 रू. को जब्त किया गया। आरोपियों के खिलाफ धारा 20 (ख) नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरास में भेजा गया है।

### लंबित मांगों पर नपं...

दिया। उन्होंने इस कार्य के लिए अपर कलेक्टर, एसडीएम राजिम और नगर पंचायत के सीएमओ को जिम्मेदारी सौंपी। कलेक्टर ने अधिकारियों को हिदायत दी कि पट्टा वितरण और प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ की प्रक्रिया को प्राथमिकता देकर शीघ्र पूरा किया जाए।



## खबर संक्षेप

### गौरघाट में पशु प्रदर्शनी मेला लगेगा आज

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से 2 किलोमीटर दूर ग्राम गौरघाट में पशु चिकित्सालय विभाग द्वारा 19 दिसम्बर को को सुबह 10 बजे जिला स्तरीय पशु प्रदर्शनी मेले का आयोजन किया जाएगा।

### ठण्ड बढ़ी, लोग ले रहे अलाव का सहारा



**मुड़ागांव(कोरासी)।** पिछले चार पांच दिनों से अंचल में ठण्ड तेजी से बड़ी है। वहीं अचानक आये इस बदलाव से लोगों के स्वास्थ्य पर असर पड़ा है। सर्दी, खांसी के साथ वायरल फीवर की शिकायतें मिल रही हैं। चिकित्सकों कहना है कि अधिक ठंड होने पर बुजुर्ग और बच्चों का विशेष ख्याल रखें। वातावरण में ठंडकता इतनी बड़ी हैं कि लोग काम निपटाकर शाम होते ही घर में ही दुबक के रहने मजबूर हैं।वहीं ठंड से बचने लोग गर्म कपड़े का उपयोग कर रहे हैं। वहीं दिनभर स्वेटर, जैकेट, मोज़ा, दास्तानें, मफलर आदि पहनने पर मजबूर हैं, तेज ठण्ड की वजह से लोग सुबह और शाम अलाव का सहारा ले रहे हैं। इस मौके पर पुनितराम ठाकुर, भीखम, पंकज लक्की, रोशन त्रिलोचन मौजूद थे।

### शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर की मारपीट

**महासमुंद।** शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर मारपीट के आरोप में युवक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है। शहर के वार्ड नं. 22 सुभाष नगर निवासी अस्लम खान ने पुलिस को बताया कि वह नेहरू चौक में बिरयानी दुकान चलाता है। 17 दिसम्बर 2024 को वह अपने दुकान का सामान लेने ग्राम खैरा की ओर गया था। देशी शराब दुकान के पास शाम करीब 06:30 बजे स्वीपर पारा निवासी मुरली उसके पास आया, जो शराब के नशे में धुत था और अस्लम से 100 रुपए की मांग की।

**निर्णय :** 7 जनवरी को धूमधाम से मनाने सामाजिक सदस्यों की हुई बैठक

# भक्तिन माता जयंती समारोह में शामिल होंगे मुख्यमंत्री साय, तैयारी जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम भक्तिन माता जयंती 7 जनवरी को धूमधाम से मनाने बुधवार को दानवीर भामाशाह छात्रावास में प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने बताया कि राजिम भक्तिन माता जयंती समारोह का प्रदेशस्तरीय आयोजन किया जाता है। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ द्वारा 7 जनवरी को राजिम में प्रदेशस्तरीय भक्त माता राजिम जयंती महोत्सव एवं आमसभा का आयोजन होगा। यह ऐतिहासिक आयोजन साहू समाज के पदाधिकारियो की मौजूदगी में होगा। इसकी प्रदेश भर में तैयारी की जा रही है। बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के सभी जिला अध्यक्ष एवं साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के पदाधिकारी राजिम भक्तिन माता जयंती समारोह को सफल बनाने के लिए तन मन धन से लगे हुए है। समारोह के मुख्य अतिथि सीएम विष्णुदेव साय होंगे। प्रमुख अतिथि के रूप में डिप्टी सीएम अरुण साव, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू व समाज के सभी विधायक, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद एवं वरिष्ठजन अतिथि होंगे। इस बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, महामंत्री हलधर साहू, दयाराम साहू ,लखनलाल साहू ,हनुमंत साहू, मालक राम साहू, कुलदीप साहू, टीकम साहू, चंद्रिका साहू ,शारदा साहू ,अमृतलाल साहू ,चितरंजन साहू ,कार्यकारी अध्यक्ष सनत साहू,,पूनम साहू ,सुजीत साहू ,रघुनंदन साहू ,गौरीशंकर साहू ,रमेश साहू ,महिला प्रकोष्ठ के संयोजिका शीलू साहू ,चित्रलेखा साहू ,बबली साहू ,युवा प्रकोष्ठ के संयोजक पवन साहू ,जिला अध्यक्ष धर्मदास साहू ,देवनाथ साहु ,सोमन साहू ,नारायण साहू ,तोषकुमार साहू ,कमलनारायण साहू ,बालाराम साहू ,गोपाल साहू ,साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ,महासचिव सोहन साहू ,समिति के कार्यकारी अध्यक्ष नोहर साहू, युवा नेता रोहित साहू ,अनुशासन साहू ,हेमराज साहू सहित प्रदेश साहू संघ के पदाधिकारी एवं जिला साहू संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे।



# पिकअप को ठोकर मार बस घर में घुसी, बच्ची सहित दो घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

राजिम महासमुंद मुख्य मार्ग पर ग्राम जामगांव में मंगलवार को एक यात्री बस तेज रफ्तार के चलते पिकअप वाहन को ठोकर मारते हुए अनियंत्रित होकर एक घर की दीवार तोड़ते हुए घर में घुस गई। इस हादसे एक बच्ची सहित दो लोग घायल हो गये। सूचना पर फिंगेश्वर पुलिस घटना स्थल पहुंचकर बस को जब्त करते हुए आवश्यक कार्रवाई की।

जानकारी के अनुसार खनूजा ट्रांसपोर्ट की बस क्रमांक सीजी 06 डी 9884 महासमुंद से छुरा जा रही थी, इस दौरान जामगांव के पास बस चालक रवि साहू ने जब तेज रफ्तार में ब्रेक लगाने की कोशिश की तो बस अनियंत्रित हो गई और छोटा हाथी वाहन को टक्कर मारते हुए दोपहर रिखीराम पिता लाभा सिन्हा के घर में घुस गई, जिससे बस सवार यात्रियों में हड़कंप मंच गई। इस घटना से बस में सवार लोगों के बीच चीख पुकार मच गई। इस घटना से एक बच्ची सहित दो लोगों को मामूली चोट लगी है। जिनका शासकीय अस्पताल में इलाज कराया गया। घटना स्थल पर लोगों की भारी भीड़ लग गई। घटना से पीकप वाहन भी क्षतिग्रस्त हुआ है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## जिपं उपाध्यक्ष नेताम ने बरदुला में किया रंगमंच का भूमिपूजन

**मैनपुर।** जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम ने ग्राम बरदुला में जिला पंचायत 15वें वित्त की राशि से स्वीकृत दो लाख रूपये की लागत से बनने वाले रंगमंच निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। ग्रामवासियों एवं पंचायत के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पूजा अर्चना कर जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम ने भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में विकास कार्यों को पूरा करने में पूरे कार्यकाल के दौरान हमारा प्रयास रहा है। जनता की भावनाओं के अनुरूप यह विकास कार्य किए जा रहे हैं और आगे भी किए जाएंगे। इस दौरान प्रमुख रूप से जनपद सदस्य लीला बाई कमलेश, वरिष्ट नागरिक गुमान सिंह ठाकुर, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष गुंजेश कपिल, देवीसिंह कमलेश,विजय ठाकुर,गोविंद नागेश,जीवन ठाकुर, ईश्वर ठाकुर, नरेंद्र नागेश,गौतम कमलेश, रामलाल नागेश,गजेंद्र नेगी, वीरेंद्र ठाकुर, भूपेंद्र कमलेश, भुनेश्वर मरकाम, हुमन मरकाम,सरोज ठाकुर, टिकेश्वरी, नंदनी नेताम, श्यामलाल नेताम, जितेंद्र कुमार, शेखर,बबलू धर्मसिंह आदि उपस्थित रहे।



## बाड़ी में बोर खनन को लेकर विवाद, मारपीट

**महासमुंद।** सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम ढाबाखर में मेरे बाड़ी में बोर खनन क्यों किये हो कहकर मारपीट के आरोप में दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। ग्राम छांदनपुर निवासी अमर भोई ने पुलिस को बताया कि वह वर्तमान में अपने ससुराल ग्राम ढाबाखर में करीब 03 वर्ष से रह रहा है। 17 दिसम्बर को प्रातः करीब 8 बजे अमर के ससुर उग्रसेन भोई सावित्रीपुर से ढाबाखार घर आते समय मोहित केवर्त के घर सामने पहुंचे थे उसी समय मोहित केवर्त एवं उसका लड़का कन्नू केवर्त अपने घर के सामने खड़े थे। तब उग्रसेन भोई बोला कि मेरे ब्यारा(बाड़ी) में बोर खनन क्यों किये हो उसी बात को लेकर मोहित कैवर्त एवं कन्नू केवर्त गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देते हुए मोहित केवर्त, उग्रसेन भोई को डण्डा से मारपीट किया। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी मोहित केवर्त , कन्नू केवर्त के खिलाफ 115(2) बीएनएस, 296 बीएनएस, 3(5) बीएनएस, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

## भुंजिया समाज ने मनाया चाउर धोनी, रोटी खानी त्यौहार



**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम जुनवानी (केड़ीआमा) में लाल बंगला चोकटिया भुंजिया के शत्रुहन लाल/बंशी राम आमारुखिया परिवार के घर सिरहा, देव - देहारी, सगा - डीहार की उपस्तिथि में चावल धोनी का त्यौहार मनाया गया।

भुंजिया विशेष पिछड़ी जनजाति समाज प्रमुख त्यौहार नवाखाई जिसे भादों माह शुक्ल पक्ष में नया अन्न धान को अपने आराध्य देव बुढ़ाराजा, बुढ़ीमाई, डूमा माता पिता को अर्जी विनती कर चढ़ाते हैं।

जैसे ही गांव डीही में जात्रा अगहन मास में मानते ही भुंजिया समाज में अगहन मास के शुक्ल पक्ष में चाउर धोनी रोटी खानी का त्यौहार जतरा शुरू हो जाता है। लाल बंगला चोकटिया भुंजिया समाज में जब तक यह चाउर धोनी रोटी खानी त्यौहार नहीं मनाते वे अपने इष्ट देवी देवता को नवा धान चांवल के धोवा चावल और रोटी नहीं चढ़ाते तब तक ना तो नवा चावल को धो कर खाना पकाते हैं और ना ही नवा चावल के रोटी अन्य व्यंजन पका के खाते हैं, यह परंपरा रीति रिवाज पूर्वज से चली आ रही है।






प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा,ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

**खबर संक्षेप**

## बेलर में घासीदास जयंती के उपलक्ष्य में नाचा कार्यक्रम होगा आज

**छुईहा बेलर।** गुरु घासीदास जयंती के उपलक्ष्य में ग्राम बेलर सतनामी ज्ञ में कका भतिजा छत्तीसगढ़ी नाचा कार्यक्रम रखा गया है। वहीं जयस्तंभ पूजा एवं ध्वजारोहन तथा अतिथि स्वागत कार्यक्रम 19 दिसम्बर को होगा। उक्त जानकारी नुरेश रात्रे पिलाचंद टंडन, खोमन साहू ने दी।

## कौन्दकेरा में अंतर्राज्यीय क्रिकेट स्पर्धा 20 को

**राजिम।** कौन्दकेरा में ग्रामीण युवा संगठन एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वावधान में अंतर्राज्यीय क्रिकेट



प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। इसमें अन्य राज्यों के टीमों ने भी अपनी एंट्री करा ली है। मालूम हो कि इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 80 हजार रुपए विधायक रोहित साहू द्वारा, द्वितीय पुरस्कार 40 हजार रुपए ग्रामीण युवा संगठन और तृतीय पुरस्कार 22 हजार रुपए ओंकार साहू अध्यक्ष शाला विकास समिति उपाध्यक्ष जिला साहू संघ द्वारा रखा गया है। एमएलए ट्रॉफी का भव्य शुभारंभ कल 20 दिसंबर को होगा। आयोजक ग्रामीण युवा संगठन समिति कौन्दकेरा अध्यक्ष सुनील साहू, उपाध्यक्ष ऋषभ साहू, कोषाध्यक्ष रोशन साहू सचिव जितेन्द्र सेन, सहसचिव द्रोणाचार्य तिवारी, सदस्य किरण टण्डन भूपेन्द्र निषाद, अभिषेक चौहान, नवीन निषाद, मिथलेश साहू प्रमुख रूप से है।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आज रक्तदान शिविर

**रसेला।** छत्तीसगढ़ शाकम्बरी सेवा संस्थान एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत रसेला के तत्वावधान में 19 दिसंबर को सुबह 10 से 4 बजे तक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में रक्तदाताओं को उत्साहपूर्वक भाग लेने की अपील की है। इंडियन रेडक्रास सोसायटी के जिला संरक्षक सदस्य मनोज पटेल ने कहा कि शिविर में रक्तदान करने वाले एक महान कार्य है, जो जरूरतमंदों की जान बचाने में सहायक होता है। रक्तदान न केवल समाज सेवा है, बल्कि यह दानकर्ता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होता है। उन्होंने ने कहा कि शिविर का उद्देश्य रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना और रक्त की आपूर्ति में आने वाले कमी को पूरा करना है। नियमित रक्तदान से न केवल जरूरतमंदों की मदद की जा सकती है, बल्कि यह दानकर्ता की सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है। क्षेत्र सभी रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं भारी संख्या में शिविर में आकर रक्तदान करने की अपील की गई है।

## बेटे को चोर बोला, गाली गलौज का आरोप

**महासमुंद।** सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम लोहरीनडोंगरी में एक युवक ने अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है कि उसके बेटे को चोर कहते हो कहकर आंगन में पैसा फेंक गाली गलौज की है। सांकरा थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम लोहरीनडोंगरी निवासी नंदलाल पटेल ने पुलिस को बताया कि 16 दिसम्बर 2024 को रात करीबन 1:30 बजे उनके गांव का रामप्रसाद कलेत डण्डा लेकर घर के अंदर घुसकर आंगन में गाली गुप्तार कर रहा था।

### आयोजन : गुरु घासीदास जयंती पर जिला स्तरीय अस्पृश्यता निवारणार्थ सद्भावना शिविर लगा

# गुरु घासीदास ने दिया मनखे-मनखे एक समान का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



सतनाम पंथ के प्रवर्तक बाबा गुरु घासीदास की जयन्ती पर 18 दिसम्बर को वन विभाग के ऑक्सन हॉल में जिला स्तरीय अस्पृश्यता निवारणार्थ सद्भावना शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा गीत एवं नृत्य के माध्यम से सतनाम पन्थ की शिक्षा से सभी को अवगत कराया, इसके साथ ही बच्चों द्वारा दी गई विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मनमोहा। इस दौरान अस्पृश्यता उन्मूलन के सम्बंध में आयोजित भाषण, निबंध लेखन, रंगोली, पोस्टर जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद गरियाबंद के उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटेके ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज बहुत शुभ दिवस है। इस अवसर पर हम सभी सद्भावना दिवस मना रहे हैं। अस्पृश्यता उन्मूलन शिविर का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा किया गया है। उन्होंने कहा कि इस दिवस के मायने बहुत से हैं। उन्होंने कहा कि बाबा ने जो मार्ग लोगों को बताया है, उसे हमारे देश के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर ने पहचाना और उसे आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि बाबा का उद्देश्य समाज को जागृत करना, समाज मे समरसता, समानता की भावना लाना था, उन्होंने मनखे-मनखे एक समान का संदेश दिया जिसका अर्थ है, सभी मनुष्य एक है। उन्होंने समाज मे फैली कुरीतियों को दूर करने, शिक्षा को बढ़ावा देने के प्रति प्रयास किया।

अपर कलेक्टर एवं सहायक आयुक्त नवीन भगत ने कहा कि शासन द्वारा इस वर्ष भी अपृश्यता निवारण सद्भावना शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सतनाम पंथ के प्रवर्तक गुरू घासीदास ने मनखे-मनखे एक समान का नारा सभी समाज के लिए दिया था, जिसमें सभी मानव समाज बराबर है। कोई ऊंच नीच का भेदभाव न हो राज्य शासन द्वारा बौलादाबाजार जिला के गिरौदपुरी धाम में विश्व का सबसे बड़ा जैतखाम बनाया गया है। जहां गुरू घासीदास जी का जन्म हुआ था। वहां प्रतिवर्ष 18 दिसम्बर को गुरू घासीदास जी की भव्य जयंती मनाई जाती है। जहां प्रदेश के साथ-साथ देश-विदेश के लोग भी दर्शन करने के लिए आते है। इस अवसर पर उन्होंने बाबा गुरु घासीदास की शिक्षा का उल्लेख करते हुए उनका अनुसरण करने की बात कही तथा बाबा की जीवनी के बारे में लोगों को बताया। इस दौरान श्री सुरेन्द्र बंजारे, श्री के.के. निर्मलकर, श्री हेमलाल रात्रे सहित अन्य अतिथियों ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक नृत्य, चित्रकला, रंगोली ईत्यादि प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान विभाग के मंडल संयोजक, छात्रावास अधीक्षक एवं छात्रावासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## रोहिना में डॉ. आनंद मतावले ने जैतखंभ पर पालो चढ़ाया





**राजिम।** संत शिरोमणी गुरु बाबा घासीदास जी के 268वीं जयंती पर ग्राम रोहिना में जैतखंभ में पूजा अर्चना कर सतनाम के प्रतीक जैतखंभ में सफेद ध्वज का पालो चढ़ाया। पूजा-अर्चना के पूर्व बालिकाओं द्वारा ग्राम के गलियों में सफेद ध्वज एवं कलश के साथ शोभायात्रा, डीजे एवं पंथी नर्तक दल के साथ निकाला गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. आनंद मतावले गुरुजी, अध्यक्षता अठगंवा अध्यक्ष आशाराम टोंडे, अति विशिष्ट अतिथि सरपंच होमन साहू, विशेष अतिथि के रुप में सेवा निवृत्त प्रधानपाठक चोवाराम बंजारे, शिक्षक भागचंद चतुर्वेदी, समाजसेवक सहदेव बंजारे उपस्थित थे।

**संत कोई समाज विशेष का नहीं होता : डॉ. मतावले**

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डॉ. आनंद मतावले ने समाजजनों से आह्वान किया कि संत शिरोमणी गुरु घासीदास बाबा के द्वारा बताए गए सात सिद्धांतों को अपने जीवन में धारण करें, तो निश्चित ही हमारे मानव जीवन के लिए अविस्मरणीय होगा। बाबा ने मनखे-मनखे एक समान का सन्देश दिया। गुरुजी ने कहा कि संत कोई समाज विशेष का नहीं होता। बाबाजी ने तो मानव समाज के कल्याण के लिए कार्य किया जो बहुत ही अतुलनीय है। आप सब बाबा द्वारा बताए हुए सत्य अहिंसा के मार्ग पर चले और बाबाजी के 268वीं जयंती की आप सभी को बधाई। कार्यक्रम को सरपंच होमन साहू, सेवानिवृत्त शिक्षक चोवाराम बंजारे, भागचंद चतुर्वेदी, सहदेव बंजारे आशा राम टोंडे ने सत के रास्ता में चलने आह्वान किया। कार्यक्रम में ग्राम जौदा से पधारे बालिका पंथी पार्टी द्वारा बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दिया गया।

कार्यक्रम में अध्यक्ष आशाराम टोंडे, विनोद टण्डन, शिक्षक नरेंद्र टण्डन, झामसिंग सोनवानी, रूखमण बंजारे, अमरचंद चतुर्वेदी, जितेंद्र घृतलहरे, सन्तोष ढीढी, ओमप्रकाश घृतलहरे, दयाराम मांडे, नथेलु राम, गणेश टोंडे, रोहित मांडे, सुकलाल मांडे, तेजराम घृतलहरे, दिनेश बांधे, सन्तु सोनवानी, धरमदास सोनवानी, पोखराज जांगड़े, त्रिशंकु बंजारे, हीराधार पुरेना, घसिया जांगड़े, लेखन मांडे, डॉ. राधेलाल साहू, रामजी साहू सहित सभी पदाधिकारी, युवा, महिला सामाजिकजन उपस्थित थे।

## चैतरा में गुरु घासीदास जयंती मनाई



**छुईहा बेलर।** ग्राम चैतरा में 18 दिसम्बर को गुरु घासीदास बाबा की 268 वीं जयंती मनाई गई। इस वर्ष बाबा की जयंती सादगीपूर्ण महौल में मनाई गई। चैतरा के जयस्तंभ पूजा एवं ध्वजारोहन में सतनामी समुदाय के अनुयायी साथ गांव के सभी समाज प्रमुख के लोग शामिल हुए। जागेश्वर साहू ने कहा सतनामी समुदाय के अनुयायियों के लिए गुरु घासीदास जयंती खास महत्व रखती है। आज भी लाखों लोग उनके बताए रास्ते पर चलते हैं, जिन्होंने सतनाम के अर्थ को सत्य और समानता में चरितार्थ किया। इस मौके पर सतनामी समाज तहसील सचिव सुघरमल आड़े,विक्रम खुटे, चोवा खुटे ,भागीरथी आड़े सरपंच संजय कांडरा, दिव्यांग संघ के जिला अध्यक्ष जागेश्वर साहू, बोरसी परिक्षेत्र पूर्व अध्यक्ष भुनेश्वर साहू, ग्राम प्रमुख लीला राम, रमेश साहू, कार्तिक कोसले, नरेश कोसले, हरिलाल साहू, धनेश साहू, घनश्याम साहू, गैंद लाल खुटे, वासुदेव यादव, राहुल खुटे उपस्थित थे।

## भेण्डरी में गुरु घासीदास जयंती मनी



**नवापारा-भेण्डरी।** भेण्डरी में बाबा गुरु घासीदास जयंती धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने महाआरती पूजा अर्चना कर जैतखंभ में सफेद पताका पालो चढ़ाया गया। शोभा यात्रा भी निकाली गई। कार्यक्रम में सेवक बांधे,धरमदास माण्डे,अशोक डहरिया,रेवा जांगडे, जीवन दास ,मनोज कुमार,गीता राम ,दिनेश जांगड़े,चतुर राम ,फेरहा माण्डे, लक्ष्मीशंकर ,लोचन माण्डे, नेहरू राम सहित समाज की माताएं-बहनें व ग्रामवासी मौजूद थे।

# भाजपा शासन के एक साल में किसान हुए बेहाल : कांग्रेस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

छत्तीसगढ़ के किसानों को खरीदी केंद्रों में धान बेचने में हो रही परेशानी और धान बिक्री की एकमुश्त राशि देने सहित कई मांगों को लेकर प्रदेश किसान कांग्रेस के अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा के नेतृत्व में किसानों ने 17 दिसम्बर को छत्तीसगढ़ के 117 स्थानों पर मौन धरना प्रदर्शन किया गया। उन्होंने भाजपा का एक साल, किसान बेहाल का नारे के साथ सरकार को चेतावनी देते हुए मांग की है कि किसानों को धान बिक्री का 3100 + 117/-3217/- एक मुश्त भुगतान किया जाये, बारदाना के वजन पर खरीदी केन्द्रों पर टोकन की व्यवस्था किया जाये, 70% से 80% तक खरीदी केन्द्रों पर धान की खरीदी बंद कर दी गई है, तत्काल खरीदी प्रारंभ की जाए तथा एक सप्ताह के भीतर उक्त मांग पूर्ण नहीं होने पर विधायकों व मंत्री सांसदों के निवास पर जाकर धान कहा बेचना है पूछा जायेगा एवं प्रदर्शन किया जायेगा, जिसकी जवाबदारी सरकार की होगी।

■ 117 रुपए बढ़ाये जाने की मांग को लेकर प्रदेश किसान कांग्रेस ने 117 जगह प्रदर्शन किया

उक्त धरना में दीपक पांडे, कमल नयन पटेल, जागेन्द्र पांडे, शैलेष सरनाईक, राजेश पांडे, अभिषेक साईमन, हरिशंकर बासवार, शंकर यादव, श्यामु यदु, रोहित साहू, लक्की पांडे, श्यामु यादव एवं सभी किसान कांग्रेस के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

धरना प्रदर्शन में अभिषेक मिश्रा ने कहा कि किसानों के दम पर सत्ता तक पहुंचने वाली भाजपा सरकार किसानों को ही परेशान कर रही है, जिससे किसान भारी परेशान एवं हताहत है। किसानों को एक मुश्त 3100 रुपए की दर से भुगतान करने हेतु प्रत्येक पंचायत में काउंटर खोलने की बात कही गई थी, जबकि किसानों को सिर्फ 2300 रुपए की दर पर भुगतान कर रही है, जो अन्याय पूर्ण है और भाजपा सरकार की कथनी और करनी से साफ अंतर दिखाई देता है।

प्रदेश किसान कांग्रेस के अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के किसानों को धान बेचने में हो रही परेशानी टोकन की समस्या, बारदाना की समस्या एवं 3100+117 समर्थन मूल्य केन्द्र द्वारा बढ़ाये जाने वाली राशि को मिलाकर 3217 रुपए भुगतान किये जाने, खरीदी केन्द्र में बारदाना की कमी एवं बारदाना का वजन 450 ग्राम से 600 ग्राम तक है, लेकिन किसानों से बारदाना के एवज में 700 ग्राम से लेकर 1500 ग्राम तक अतिरिक्त तौल किया जा रहा है। फसल की कटाई किसानों द्वारा 1 माह पूर्व की जा चुकी है।

## सीआईएसएफ में चयन पर जिपं उपाध्यक्ष ने किया खिलेश्वर का सम्मान



**मैनपुर।** ब्लॉक के ग्राम पंचायत दबनई के आश्रित ग्राम जंगल के भीतर बसे ग्राम लेड़ीबहार के आदिवासी युवा खिलेश्वर ठाकुर पिता पिलसाय ठाकुर, माता जानकी बाई का चयन केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीआईएसएफ में हुआ है। कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा के माध्यम से इस वनांचल क्षेत्र के युवा का चयन हुआ है। उनके चयन होने पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम उनके गांव लेड़ीबहार पहुंचकर उनका शॉल श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। इस दौरान युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष गुंजेश कपिल, गजेंद्र नेगी, वीरेंद्र ठाकुर, बिष्णु ठाकुर, श्रवण ठाकुर, जागेश्वर ठाकुर, ख़ेमबाई, दसमीं बाई, सगुना बाई, जानकी बाई उपस्थित थीं।

# कांग्रेस ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम




सिकासार जलाशय के पानी को अन्यत्र जिला में न दिए जाने के संबंध में कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम एसडीएम राजिम को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन देने किसान सेवा समिति कोपरा के अध्यक्ष मोतीलाल साहू, राजिम किसान सेवा समिति के पूर्व अध्यक्ष नंदकुमार सोनकर ,सेवा समिति के उपाध्यक्ष विकास तिवारी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू ,पूर्व मंडी अध्यक्ष रामकुमार गोस्वामी, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पवन सोनकर, डॉ नारद साहू, भीम साहू, गिरीश रजनी, हेमराज साहू, रामनारायण साहू , कुलेश्वर साहू, जगत साहू ,देवेंद्र साहू, कुलेश्वर धनकर ,बेनीराम साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल थे। सिकासार जलाशय के पानी को अन्यत्र जिला में न दिए जाने के संबंध में लिखा गया है। यह गरियाबंद जिले के किसानों के साथ अन्याय है। इस बांध को इस उद्देश्य से बनाया गया है कि गरियाबंद जिला के किसानो को पानी की कमी न हो। यदि महासमुंद जिले को दी जाएगी तो इस जिले में पानी की समस्या उत्पन्न हो जाएगी। अतएव सिकासार के पानी को महासमुंद जिले में न दिए जाने हेतु उचित कदम उठाएं अन्यथा जिले के किसानो के साथ कांग्रेस पार्टी सड़क की लड़ाई लड़ेगी।

# विधायक ध्रुव ने वित्त मंत्री चौधरी से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी से मुलाकात कर विधानसभा अन्तर्गत बेलाटनाला में पुल निर्माण के लिए राशि स्वीकृत करने की मांग की। साथ ही मांग पत्र सौंपते हुए बताया बेंलाटनाला में पुल निर्माण नहीं होने के कारण बारिश के दिनों में 36 ग्रामों के हजारों ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पूरा क्षेत्र टापू में तब्दील हो जाता है। यहां उच्च स्तरीय पूल निर्माण किया जाना बेहद आवश्यक है। मंत्री ओपी चौधरी ने विधायक जनक ध्रुव की मांगों पर जल्द ही विचार करते हुए राशि स्वीकृत करवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान विधायक जनक ध्रुव ने मंत्री को बताया कि मैनपुर के नजदीक पैरी उदगम स्थल भाठीगढ़, बिन्द्रानवागढ़ क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल को पर्यटन स्थल घोषित करने के बावजूद अब तक यहां विकास कार्य प्रारंभ नहीं होने की जानकारी देते हुए इन धार्मिक पर्यटन स्थल में पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की एवं इन स्थानों में पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सामुदायिक भवन पेयजल सुविधा, गार्डन के साथ सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की, जिससे दूर दूर से आने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानियों का सामना करना न पड़े। इस पर भी मंत्री ओपी चौधरी ने जल्द ही मांगों को पूरा करने का आश्वासन विधायक को दिया। इस मौके पर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष मैनपुर रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गैंदु यादव, निरज ठाकुर, नंदकिशोर पटेल व क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

■ बेलाटनाला और क्षेत्र के कई परियोजनाओं को पूरा करने सौंपा मांग पत्र

# भागवत कथा में शामिल हुए विधायक जनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद






अपने पितरों के मोक्षार्थ गरियाबंद के गांधी मैदान में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के छठवें दिवस पर बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ने व्यासपीठ को प्रणाम कर नारायण महराज से सम्मान प्राप्त किया। कथा में कंस संहार, द्वारिका निर्माण एवं रुक्मणि विवाह की कथा करते पंडाल में उपस्थित सभी माता पिता को प्रार्थना करते हुए कथाकार ने कहा कि हर माता पिता के जीवन में बेटी के विवाह का निर्णय सबसे महत्वपूर्ण होता है। आप अपने निर्णय से बेटी को जीवन भर खुशियां भी दे सकते हो या बेटी को जीवनभर उस अंधकार में भी धकेल सकते हो, केवल उनके धन को देखकर निर्णय नहीं लेना चाहिए, बेटियों का विवाह संपत्तिवान से न करा के सम्मतिवान से कराने का निर्णय लेना चाहिए ।

निकुंज आश्रम से पधारे नारायण महराज ने कहा कि मां लक्ष्मी के तीन अवतरण हुए रुक्मणि मैय्या, मां लक्ष्मी है और लक्ष्मी कभी भी गर्भ से जन्म नहीं लेते, सबसे पहला जन्म हुआ मां लक्ष्मी का समुद्र से कमल के पुष्प में, दूसरा जन्म माता सीता के रूप में पृथ्वी से और तीसरा जन्म मेरी मां रुखमणि देवी का कमल से, रुक्मणि जब बड़ी हुई तो उनके विवाह की चर्चा होने लगी, भगवान कृष्ण के गुणों की चर्चा सुनकर माता रुक्मणि मैय्या ने पत्र भेजे थे और सचमुच गुणों से प्रेम होना चाहिए जो वस्तु शेर को मिलनी चाहिए उसको सियार न ले जाए। इस बात का ध्यान आप रखेंगे प्रभुजी, मैं आपके लिए ही बैठी हूं, पत्र पढ़ने के बाद भगवान श्री कृष्ण भी अपने आपको रोक नहीं सके।




